## श्री अख्तरूल ईमान, माननीय स०वि०स० से प्राप्त निवेदन सं0-141/2026 का उत्तर प्रतिवेदन

| निवेदन | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| पूर्णिया जिला अन्तर्गत अमौर प्रखण्ड के नगरा टोली-सिमलबाड़ी के निकट कनकई नदी की धारा दास नदी में मिल गयी है, जिस कारण कनकई नदी का अधिकांश पानी का प्रवाह दास नदी से होने लगा है। यदि इस बार कनकई नदी की धारा को बन्द करने हेतु कटाव निरोधक कार्य नहीं कराया गया, तो अमौर प्रखण्ड के तीन पंचायत- ज्ञानडोभ रंगरैया लाल टोली एवं हरिपुर की 50 हजार की आबादी बुरी तरह प्रभावित होगी और सरकार द्वारा करोड़ों की लागत से निर्मित पुल एवं सड़के भी धवस्त हो जायेंगी।<br><br>अतः मैं सदन के माध्यम से उक्त ग्राम में कटाव निरोधक कार्य कराने हेतु सरकार से निवेदन करता हूँ। | वस्तुस्थिति यह है कि पूर्णिया जिला अन्तर्गत अमौर प्रखण्ड के सिमलबाड़ी नगरा टोला कनकई नदी के दाँये तट पर अवस्थित है। विगत वर्षो में कनकई नदी से एक धार निकल कर दास नदी में मिली है। धार के प्रवाह को कम/रोकने हेतु बाढ़ वर्ष 2026 पूर्व एजेण्ड़ा संख्या- 243/07/2026 के तहत परक्यूपाईन लेइंग, बोल्डर बेड बार एवं शोल रिमूवल का कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी। परक्यूपाईन लेइंग एवं बोल्डर बेड बार का कार्य करा लिया गया है परन्तु शोल रिमूवल का कार्य भारी स्थानीय जन विरोध के कारण नहीं कराया जा सका।<br><br>आसन्न बाढ़ अवधि के 2026 के दौरान दास एवं कनकई नदी के किनारे अवस्थित पंचायत ज्ञानडोभ, रंगरैया लाल टोली एवं हरिपुर पंचायत में कटाव परीलक्षित होने पर आवश्यकतानुसार बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थल को सुरक्षित रखा गया है एवं वर्तमान में स्थल सुरक्षित है। स्थल पर निगरानी रखी जा रही है। |

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(क0)–03–26 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–1151 दिनांक–07.05.2026 के प्रसंग में निवेदन सं0–141 / 26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(क0)–03–26 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(क0)–03–26 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(क0)–03–26 / 2026– 3640 पटना, दिनांक– 13/08/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13.08.26

(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

13.8.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo